Sampark PR Media Resource Service

SAMPARK
Image Management Consultants

Date	3/2/11
Publication	Nav bharat times
Edition/ City	New delhi
Page	13

करजई-मनमोहन में आज होगी बातचीत

विप्र ॥ नई दिल्ली : अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निमंत्रण पर बुधवार शाम भारत के दो दिनों के दौरे पर आए। गुरुवार को वह प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आपसी मसलों पर गहन बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां बताया कि राष्ट्रपति करजई का भारत दौरा दोनों देशों के बीच नियमित चलने वाले उच्चस्तरीय सलाह मशविरा का हिस्सा है। उनके दौरे से दोनों देशों के बीच दोस्ती और सामरिक साझेदारी के रिश्तों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। करजई प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ आपसी सहयोग के मसलों और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर विचारों के आदान-प्रदान के अलावा दिल्ली में टेरी द्वारा आयोजित सतत विकास सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। पाकिस्तान की धरती से पैदा और समर्थित आतंकवाद से भारत और अफगानिस्तान दोनों पीड़ित हैं, इसलिए दोनों नेताओं की बातचीत में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग को लेकर चर्चा होगी।